भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3132
उत्तर दिए जाने की तारीख: 15.03.2021

कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन शिक्षा

†3132. श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में अधिकांश स्कूल और कॉलेजों में ई-बुक शिक्षण सामग्री और मानक विडियो लेक्चर जैसे संसाधनों की ऑनलाइन अनुपलब्धता के कारण कोविड-19 महामारी के दौरान शिक्षा देने में अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ा;

(ख) क्या मुफ्त ऑनलाइन अध्ययन सामग्री एवं अन्य शिक्षण तथा अधिगम संसाधनों के व्यापक निक्षेपागार के रुप में शिक्षकों और छात्रों के लिए इनका सृजन करने तथा इन्हें उपलब्ध कराने की कोई योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) दीक्षा पोर्टल (https://diksha.gov.in/), स्वयम पोर्टल (swayam.gov.in), स्वयम प्रभा, डीडी चैनल, ई-पाठशाला (https://epathshala.nic.in/), एनआरईओआर (नेशनल रिपोजिटरी ऑफ ओपन एजुकेशनल रिसोर्स) पोर्टल (https://nroer.gov.in/welcome) के रूप में विभिन्न डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जिन छात्रों के पास डिजिटल साधन उपलब्ध नहीं है उनके लिए टीवी, रेडियो के माध्यम का उपयोग किया गया है।

सभी राज्यों द्वारा उठाए गए कदम इस रिपोर्ट में दर्शाए गए हैं - इंडिया रिपोर्ट डिजिटल एजुकेशन जून 2020

https://www.mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/India_Report_Digital_Education_0.pdf

ऑनलाइन शिक्षा का हर वर्ग के छात्रों और शिक्षकों को लाभ मिल सके इसके लिए लर्निंग एन्हांसमेंट दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

https://www.mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/Learning_Enhancement_0.pdf

(ख) और (ग) सीआईईटी, एनसीईआरटी द्वारा नेशनल रिपोजिटरी ऑफ ओपन एजुकेशनल रिसोर्स (एनआरओईआर) को विकसित किया गया है। एनआरओईआर कई विषयों और विभिन्न भारतीय भाषाओं में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए बड़ी संख्या में शैक्षिक संसाधनों की मेजबानी करता है। एनआरओईआर पर विभिन्न स्वरूपों जैसे कि वीडियो, चित्र, ऑडियो, दस्तावेज़ और इंटरएक्टिव में संसाधन उपलब्ध हैं।

****